तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 साहू दंपती ने 200 स्कूलों में गणित वर्णमाला का किया वितरण

14 छत्तीसगढ़ी, दक्षिण भारतीय नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध


Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा

## खबर संक्षेप

### मां सती के निर्वाण स्थल का जीर्णोद्धार आज

**धमतरी।** ग्राम कोलियारी में तिवारी परिवार की प्राचीन कुल देवी मां सती के निर्वाण स्थल का जीर्णोद्धार किया जायेगा। पंडित संतोष तिवारी ने बताया कि 22 दिसंबर को सुबह 9 बजे से विशेष पूजा एवं पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वहीं मां सती के प्राचीन स्थल के विकास एवं देखरेख के लिए संचालन समिति जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की जायेगी।


### मधुबनधाम में साईं जन्मोत्सव 25 को

**मगरलोड।** मधुबन धाम में मुन्ना ठाकुर उर्फ मनमोहन सिंह ठाकुर की स्मृति में साईं मंदिर का निर्माण 28 मार्च 2015 में किया गया। संचालिका सुलोचना ठाकुर ने बताया कि साईं मंदिर मधुबनधाम में अखंड दीप प्रज्वलित किया गया है। 25 दिसंबर को साईं जन्मोत्सव कार्यक्रम रखा गया है। सुबह 6 बजे महाभिषेक, 7 बजे आरती, दोपहर 12 बजे हवन यज्ञ, शाम 6 बजे आरती होगी।



### आलेखुंटा में पंथी प्रतियोगिता 26 से

**सिर्री।** सिर्री के समीपस्थ ग्राम आलेखुंटा में पंथी प्रतियोगिता का आयोजन 26 और 27 दिसंबर को किया गया है। प्रवेश शुल्क 101 रुपए है। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए, तृतीय 4001 रुपए निर्धारित है। इसके अलावा प्रत्येक मंडली को 1501 रुपए की सांत्वना राशि प्रदान की जाएगी। गुरुवार 26 दिसंबर को सुबह 11 बजे सतनाम ज्योति कलश की स्थापना की जाएगी। 27 दिसंबर शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक रंजनी किरण भारती का जांजगीर चांपा की प्रस्तुति होगी। तैयारी में अध्यक्ष दीपक मनहरे, उपाध्यक्ष मंशा चतुर्वेदी, सचिव दीनू राम मनहरे, संयोजक राजेंद्र मनहरे, जितेंद्र वत्सल, कोषाध्यक्ष दुर्गेश बंजारे, परमानंद, भुनेश्वर, संस्थापक अनिल लहरे, कैलाश मनहरे, अशोक यादव जुटे हुए हैं।



अपडेट हो रहा आयुष पॉलीक्लिनिक, जल्द ही पंचकर्म की सुविधा भी

# हर्बल गार्डन में जड़ी बूटियों से रूबरू होंगे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आयुष पॉलीक्लिनिक नए रूप में तैयार हो रहा है। यहां बाउंड्रीवाल का काम चल रहा है। इसके बाद हर्बल गार्डन तैयार किया जाएगा। आयुर्विद्या के तहत छात्रों को आयुर्वेद की जानकारी देने के साथ इस हर्बल गार्डन का भ्रमण कराया जाएगा। छात्र आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से रूबरू होंगे।

जिले में आयुर्वेदिक उपचार को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इसका अंदाजा इसी बात लगाया जा सकता है कि आयुष पॉलीक्लिनिक में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लोग यहां के उपचार से संतुष्ट होकर लौट रहे हैं। खासकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं के लिए यहां पर वरिष्ठ नागरिकों की भीड़ लगती है। कुछ दिन पहले संचालनालय की टीम ने इस अस्पताल का निरीक्षण किया और लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं की सराहना भी की। लोगों के रिस्पांस को देखते हुए अब आयुष पॉलीक्लिनिक को नए कलेवर में तैयार किया जा रहा है। नए भवन में 10 बिस्तरीय अस्पताल की सुविधा है। जल्द ही इस अस्पताल को भी शुरू करने की तैयारी है। इसके अतिरिक्त पंचकर्म सुविधा शुरू की जा रही है। हर्बल गार्डन भी तैयार किया जाना है।




### छात्रों को आयुर्वेद से जोड़ने की पहल

आयुष विभाग द्वारा छात्रों को आयुर्वेद से जोड़ने अभियान चलाया जा रहा है। आयुर्विद्या के तहत स्कूलों में जाकर डॉ अवध पचौरी सहित उनकी टीम छात्रों को आयुर्वेदिक चिकित्सा की जानकारी देती है। अब तक यह जानकारी मौखिक ही है। डीएमएफ मद से क्लिनिक में बाउंड्रीवाल तैयार किया जा रहा है। इसके बाद उद्यानिकी विभाग के सहयोग से हर्बल गार्डन तैयार किया जाएगा। इस गार्डन में अश्वगंधा, शतावरी, हल्दी, मुनगा जैसे आयुर्वेद चिकित्सा में उपयोग होने वाली जड़ी बूटियां लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त राशि के हिसाब से भी पौधे लगाए जाएंगे। छात्रों को थ्योरी पढ़ाने के साथ इस गार्डन का भ्रमण कराया जाएगा।

### पंचकर्म के लिए मिला प्रशिक्षण

आयुर्वेदिक अस्पताल को अपडेट करने में कलेक्टर नम्रता गांधी खास रूचि ले रही हैं, जिसके चलते अस्पताल का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने पॉलीक्लिनिक में पंचकर्म की सुविधा शुरू करने के लिए डीएमएफ मद से दो कर्मचारी भी दिए हैं। इन कर्मचारियों को 15 दिन का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। डॉ पचौरी के मार्गदर्शन में ये कर्मचारी पंचकर्म की सुविधा देंगे।

### क्या है पंचकर्म

डॉ. पचौरी ने बताया कि पंचकर्म शरीर को फिर से जीवंत और विषमुक्त करने की विधा है। पंचकर्म, आयुर्वेद की एक प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। पंचकर्म शब्द संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ है पांच उपचार। ये उपचार हैं वमन, विरेचन, वस्ती, रक्तमोक्ष और नस्य। वमन का उपयोग कैंसर, हार्ट ब्लाकेज, अस्थमा जैसी कई बीमारियों के उपचार के लिए किया जाता है। विरेचन का उपयोग रक्त संबंधी विकार, चर्मरोग, मानसिक समस्या, कैंसर, निःसंतानता आदि में, वस्ती का उपयोग वातरोग, संधि विकार, नस्य का उपयोग लकवा, सर्वाइकल प्रब्लाम आदि में, रक्तमोक्षण का उपयोग त्वचा संबंधी समस्या, रक्त विकार, एक्जिमा आदि में होता है।

जवाब प्रस्तुत नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी

## फसल अवशेष जलाने वालों को न्यायालय से मिला नोटिस


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फसल अवशेष जलाने वाले किसानों को अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। इससे किसानों में हड़कंप है। न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी धमतरी से मिली जानकारी के अनुसार फसल अवशेष जलाने के संबंध में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जोनल बेंच भोपाल में दायर याचिका में पारित आदेश का पालन करना है। आदेश के परिपालन में ग्राम कोटवार के माध्यम से फसल अवशेष नहीं जलाने के संबंध में मुनादी कराई गई थी। उसके बाद भी फसल अवशेष को जलाया गया। जिससे मिट्टी की पोषण उर्वरकता में कमी तथा जान-माल की हानि की संभावना बनी रहती है। ब्लाक में दर्जनों किसानों ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में पारित आदेश 8 नवंबर 2016 के निर्देशों का उल्लंघन किया है। किसानों को न्यायालयीन आदेश की अवमानना का कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि न्यायालय अनुविभागीय दंडाधिकारी के न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। नियत तिथि पर जवाब प्रस्तुत नहीं होने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। पटवारी कार्यालयों के माध्यम से किसानों को दिए जा रहे नोटिस से फसल अवशेष जलाने वाले किसानों में हड़कंप मंच गया है।

## विश्वकर्मा प्रशिक्षण के बाद मानदेय के लिए भटक रहे मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीएम विश्वकर्मा के प्रशिक्षण उपरांत मानदेय की राशि नहीं मिलने की शिकायत प्रशिक्षणार्थियों ने की है। निर्माण कार्यों में काम करने वाले मजदूर सोहनलाल साहू, मुकुंद चक्रधारी, कोमल साहू, टोमनलाल यादव, ठाकुरराम यादव, गुलशन साहू, डामन यादव, तिजलाल यादव, लकेंद्र यादव, नंदकिशोर यादव ने कलेक्टर से लिखित शिकायत कर कहा है कि वे धमतरी जिले के अलग- अलग गांव के निवासी हैं। पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत कंस्ट्रक्शन मेशन ट्रेड में 29 अगस्त से 4 सितंबर तक नूतन स्कूल धमतरी में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र दिया गया है लेकिन प्रशिक्षण की मानदेय राशि अब तक उनके खाते में नहीं आई है जिससे वे ठगा महसूस कर रहे हैं।



प्रशिक्षणार्थियों ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण होते ही मानदेय राशि प्राप्त होने का सब्जबाग दिखाया गया। प्रशिक्षण को तीन माह का समय बीत गया। इससे वे परेशान और निराश हैं। प्रशिक्षणार्थियों ने कलेक्टर से त्वरित कार्रवाई करते हुए मानदेय राशि दिलाने की मांग की है।

## कीटनाशक की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कीटनाशक छिड़काव के दौरान जहर की चपेट में आए युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम जीजामगांव निवासी दुलेश्वर बघेल पिता विष्णु उम्र 26 वर्ष मजदूरी करता था। 15 दिसम्बर को युवक अपने खेत की अरहर फसल पर कीटनाशक दवाई का छिड़काव करने गया था। कीटनाशक छिड़कते समय स्प्रेयर के नोजल में कपड़ा आ गया, जिसके कारण दवाई का छिड़काव नहीं हो रहा था। युवक ने नोजल को खोलकर मुंह से लगातार खींचा। कुछ देर बाद युवक घर पहुंच गया। जहां तबीयत बिगड़ने पर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन तत्काल युवक को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान युवक की शुक्रवार की रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शनिवार को मर्ग कायम किया। पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

अछोटा पुल के पास हुई घटना

## ट्रक की ठोकर से मजदूर पर पलटी रेत से भरी ट्राली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अछोटा पुल के ऊपर खड़ी रेत से भरी ट्राली को तेज रफ्तार ट्रक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में ट्राली मजदूर के ऊपर पलट गई। दबने से मजदूर की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी निवासी चंद्रकांत यादव पिता बलराम उम्र 24 वर्ष ट्रेक्टर में मजदूरी करता था। शुक्रवार को चंद्रकांत अपने साथी मजदूर शिव मंडावी ग्राम बंजारी निवासी व गणेश के साथ अछोटा महानदी से रेत भरकर खाली करने धमतरी आ रहे थे। अछोटा पुल से गुजरते समय अचानक ट्राली की बेयरिंग खराब हो गई। इंजन सहित ट्राली को अछोटा पुल के ऊपर खड़ी कर मजदूर बेयरिंग की मरम्मत कर रहे थे। रात्रि लगभग 9 बजे तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने खराब खड़ी रेत से भरी ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की ठोकर से ट्राली रेत सहित पुल में पलट गई। इसकी चपेट में मजदूर चंद्रकांत आ गया। ट्राली के नीचे दबने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई।




घटना के बाद ट्रक चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। साथी मजदूरों ने युवक को ट्राली के नीचे से बाहर निकाल एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## गंगरेल बांध में डूबने से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गंगरेल बांध की छोटी बोटिंग पाईंट के पास एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने रेस्क्यू कर शव को पानी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा।

■ पुलिस ने शव को बाहर निकाला

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की दोपहर रूद्री पुलिस को गंगरेल बांध की छोटी बोटिंग पाईंट के पास एक युवक की डूबने की सूचना मिली। रूद्री पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। सूचना पर धमतरी लोकेशन संजीवनी 108 घटनास्थल पहुंची। पुलिस रेस्क्यू कर शव को पानी से बाहर निकालकर शिनाख्ति में जुट गई। मृतक की पहचान डोंगरगढ़ निवासी संगम सागर उम्र 22 वर्ष के रूप में की गई। बताया गया है कि मृतक कुछ दिन पहले गंगरेल आकर अपने रिश्तेदार के यहां रह रहा था। वह बोटिंग व नाव चलाना सीख रहा था। शनिवार को युवक नहाने गया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल युवक की मौत घटना है या दुर्घटना, स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फसल चक्र परिवर्तन : इस साल दलहन-तिलहन फसल के रकबे में अप्रत्याशित वृद्धि

# रबी सीजन में मटर पर किसान हुए मेहरबान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों में जागरुकता लाने प्रशासनिक प्रयास रबी फसल में नजर आने लगा है। इस साल दलहन-तिलहन फसल के रकबे में अप्रत्याशित वृद्धि की संभावना है। गेंहू, मटर, मसूर, उड़द, कुल्थी, अलसी, सरसों की फसल कृषि विभाग के लक्ष्य को पार कर गया है। वहीं धान फसल के रकबे में कमी आएगी।

कृषि अधिकारी श्री पनिका ने बताया कि पिछले वर्ष गेंहू फसल का लक्ष्य 1000 हेक्टेयर रखा गया था जिसकी पूर्ति 420 हेक्टेयर पर हुई थी। इस वर्ष 1000 हेक्टेयर गेंहू के लक्ष्य को पार करते हुए 1027 हेक्टेयर में गेंहू की फसल ली जा रही है। हालांकि मक्का और रागी के लक्ष्य में कमी आई है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 20 हजार हेक्टेयर पर धान फसल का लक्ष्य लिया गया था, लेकिन 30430 हेक्टेयर में धान फसल ली गई थी। इस साल 20 हजार हेक्टेयर से कम रकबा में धान फसल होने की संभावना है। फिलहाल धान बोनी की शुरुआत नहीं हुई है।



### मटर की खेती पर किसानों का फोकस

दलहन फसल में किसानों ने मटर की खेती को प्राथमिकता दी है। सन 2023 में मटर की फसल 40 हेक्टेयर पर ली गई थी। 2024 में कृषि विभाग ने 150 हेक्टेयर पर मटर फसल का लक्ष्य लिया है। लक्ष्य की प्रतिपूर्ति में 1357 हेक्टेयर पर मटर की फसल लगाई गई है। मटर की खेती लक्ष्य से 900 प्रतिशत अधिक हो रही है। मसूर का लक्ष्य 80 हेक्टेयर से बढ़कर 404 हेक्टयर हो गया है। कुल्थी का लक्ष्य 10 हेक्टेयर रखा गया था। वह बढ़कर 57 हेक्टेयर हो गया है। चना फसल का टारगेट 10 हजार हेक्टेयर है जिसमें से 6913 हेक्टेयर में फसल ली जा रही है। चना की बोनी अंतिम दौर पर है।

### तिलहन में अलसी-सरसो टारगेट से पार

सन 2023 में तिलहन फसल में अलसी 60 हेक्टेयर पर पूर्ति हुई थी। 2024 में 110 हेक्टेयर का लक्ष्य लिया गया है। अब तक 122.30 हेक्टेयर पर अलसी की फसल उगाई गई है। सरसों भी 3100 हेक्टेयर का लक्ष्य पार कर 4553 हेक्टयर पर पहुंच गया है। तिलहन में मूंगफली, कुसुम, सूरजमुखी पर किसानों ने सीमित रुप से बोनी की है। कृषि उपसंचालक मोनेश कुमार साहू ने बताया कि फसलचक्र परिवर्तन के लिए कलेक्टर के मार्गदर्शन में खूब मेहनत की है। जल जगार जैसे विखं स्तरीय कार्यक्रम के अलावा विभागों के अधिकारी कर्मचारी ने जिले के 163 गांव में शिविर लगाकर किसानों को फसलचक्र परिवर्तन के लिए जागरूक किया है।

### फसल बीमा के प्रति किसानों में उत्साह नहीं

रबी में फसल बीमा को लेकर किसानों में उत्साह नहीं है। रबी फसल बीमा के लिए 31 दिसंबर अंतिम तारीख है। बीमा के लिए गांव- गांव में मुनादी हो रही है। बीमा के लिए 10 दिन शेष है, लेकिन अब तक मात्र 1500 हेक्टेयर का ही बीमा हुआ है। फसल बीमा के प्रभारी दुष्यंत कौशिक बताते हैं कि रबी वर्ष 2023 में 6242 किसानों ने 5206 हेक्टेयर का बीमा कराया था। जिसमें 1037 किसान लाभान्वित हुए थे। जिन्हें 52 लाख 77 हजार 515 रुपए का बीमा लाभ मिला। इस वर्ष 19 दिसंबर की स्थिति में 1559 किसानों ने 1530 हेक्टेयर के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा कराया है। बताया गया है कि रबी फसल में 25 हेक्टेयर से अधिक में दलहन-तिलहन लेने वाले 163 गांव थे। इस साल बीमा योजना में 70 गांवों को जोड़ने संचालनालय को पत्र लिखा गया है। संभवतः बीमा की तारीख कुछ दिनों के लिए बढ़ाई जा सकती है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## ख़बर संक्षेप

### बलियारा में आज मनेगी घासीदास जयंती

**धमतरी।** सतनामी समाज ग्राम बलियारा द्वारा 22 दिसंबर रविवार को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता लता मारकंडे जज बिलासपुर होंगी। विशिष्ट अतिथि कपिल देशलहरे जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, मणिकांत जोशी जिला सचिव, रामेश्वर कुर्रे, राजेंद्र भारती, भगवान सिंह सोनवानी, दिलेश्वरी मारकंडे, हीरालाल ध्रुव सरपंच बलियारा होंगे। इस अवसर पर ज्ञान धारा पंथी पार्टी ग्राम डूमरडीह दुर्ग द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा।

### हंचलपुर में जयंती मड़ई आज, नाचा भी होगा

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम हंचलपुर में सतनाम परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 22 दिसंबर रविवार को ग्राम हंचलपुर में गुरु घासीदास जयंती पर मड़ई का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे सतनाम के संदेश के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। 2 बजे पंथी पार्टी ग्राम तिल्दा गुंडरदेही का कार्यक्रम होगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में जिर्रा टोला अंबागढ़ चौकी का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी अध्यक्ष डिसेन चंदेल, गौतम बंजारे, रामदयाल माथुर ने दी है।

### परसुली में तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ 27 से

**धमतरी।** ग्राम परसुली में वेदमाता गायत्री प्रज्ञा मंडल व ग्रामवासियों के सहयोग से 27 से 29 दिसंबर तक तीन कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रज्ञा महापुराण का कार्यक्रम रखा गया है। कथा वाचक पीतांबर महाराज होंगे। आयोजन समिति के जीवनलाल साहू, होमन सोनवानी, नरेश साहू ने ग्रामीणों से अक्षय पुण्य का भागीदार बनने की अपील की है।

## निधन

### रामकुंवर साहू



**मगरलोड।** उपतहसील करेली बड़ी निवासी श्रीमती रामकुंवर साहू 86 वर्ष का निधन शुक्रवार 20 दिसम्बर को गृहग्राम में हो गया। वे मिलनसार थीं। वे नारायण साहू, नरेंद्र साहू, लालजी साहू की मां और सुरेश साहू, पोखराज साहू की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में की गई। रामू साहू, रेवाराम, श्रीराम, जागेश्वर, नरेश साहू, शेषनारायण साहू, नागेश, रामचन्द, गितेंद्र, शिवशंकर, वेदव्यास, नेहल, केदार, खेमन, चेतन, विनय, पुष्पेंद्र, जिज्ञान्स, रुद्रांश, उमंग, हेमांशु, थनक्ष, नोहर, नीलकमल, रोहित, तरुण, युवराज साहू ने मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

फड़ में 22534.80 क्विं. धान जाम, डीओ कटने के बाद भी परिवहनकर्ता नहीं कर रहे उठाव

# सिंगपुर सोसाइटी में धान का उठाव धीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



राज्य में धान की खरीदी शुरू हुए एक माह से ज्यादा हो गया है। ब्लॉक के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में धान का परिवहन धीमी गति से हो रहा है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिंगपुर में धान का परिवहन कछुए चाल से हो रहा है। फड़ में धान जाम पड़ा हुआ है।

सिंगपुर सोसाइटी प्राधिकृत अधिकारी राधेलाल सिन्हा, समिति प्रबंधक कृष्णा साहू ने बताया कि सोसाइटी अंतर्गत केकराखोली, पालवाड़ी, मुरूमडीह, सोनझरी, भंडारवाड़ी, धनोरा, सिरकट्टा, बासीखाई, घोटियादादर, कासरवाही, कमईपुर, राउतमुड़ा, मुड़केरा, अंजोरा, सिंगपुर, गिरोलाडीह गांव आते हैं। इस वर्ष 1282 किसानों ने धान बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। प्रतिदिन सोसाइटी में 4000 बरदाना कट्टा की खरीदी की जा रही है। 72 हजार क्विंटल की खरीदी का लक्ष्य मिला है। 14 नवंबर से 21 दिसंबर तक 37131.20 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। जिसमें मोटा धान 24115.60 क्विंटल, पतला धान 12591.60 क्विंटल एवं सरना धान 424 क्विंटल शामिल है। 680 किसानों ने 8,56,53,592 रूपये का धान बेचा है। लिंकिंग के माध्यम से 1,93,64,045 रूपये की ऋण वसूली की गई है। 6,62,89,546.34 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान किया गया है। 22534.80 क्विंटल धान खरीदी केन्द्र में जाम है। मोटा धान 11839.20 क्विंटल, पतला धान 10551.60 क्विंटल एवं सरना धान 144 क्विंटल फड़ में जाम पड़ा हुआ है। परिवहन का उठाव धीमी गति से हो रहा है। इससे धान खरीदी करने में दिक्कतें आ रही हैं। खरीदी के लिए जगह की कमी पड़ रही है। डीओ कटने के बाद भी परिवहनकर्ता उठाव करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

## जिले में अब तक 3 लाख 28 हजार 795 मेट्रिक टन धान की खरीदी

■ 14 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक 510.74 मेट्रिक टन अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में समर्थन मूल्य पर 74 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के कुल 100 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से अब तक पंजीकृत 1 लाख 28 हजार 370 किसानों में से 74,881 किसानों का कुल 3 लाख 28 हजार 795 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। खरीदे गए धान का मूल्य 757.41 करोड़ रूपये है, जिसका सबंधित कृषकों को लगातार प्रतिदिन भुगतान किया जा रहा है।

खाद्य अधिकारी श्री कोर्राम ने बताया कि जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी सुव्यवस्थित रूप से की जा रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान के अवैध भण्डारण, परिवहन कर खरीदी केन्द्रों में लाकर विक्रय करने की आशंका बनी रहती है, जिसकी रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड में राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारियों का ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। गठित ब्लाक स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान भण्डारण, परिवहन करने वालों के विरूद्ध 14 नवम्बर से 19 दिसम्बर तक मंडी अधिनियम 1972 के तहत लगातार कार्यवाही कर 71 प्रकरण दर्ज कर कुल 510.74 मेट्रिक टन अवैध धान जब्त किया गया है।

## लुगे में ग्राम विकास एवं सुरक्षा समिति गठित



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम लुगे में ग्राम विकास एवं सुरक्षा समिति का चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से श्यामलाल निषाद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष अलेन साहू, सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष थानुराम साहू, सहसचिव दुलेश साहू, सरक्षक नंदराम साहू, मनोहर साहू, श्रीराम साहू बनाए गए। सदस्यों में जगदीश साहू, गजेंद्र साहू, चैतराम साहू, भूषण साहू, शिवकुमार साहू, महेशराम साहू, यज्ञेश्वर यादव, नेमसिंग यादव, टेकराम विश्वकर्मा, प्रतापदास मानिकपुरी, तीरथ ध्रुव, गौतम साहू, बीरेंद्र साहू, जैलूराम साहू, भुनेश्वर साहू, ज्ञानेश साहू, त्रिभुवन साहू, दीपक साहू, लोचन साहू, प्रभुराम साहू, केशूराम निर्मलकर, कृष्णा साहू, बालाराम साहू, तारेंद्र साहू, शेखर साहू, लक्ष्मीनारायण ध्रुव शामिल हैं।

## सुशासन दिवस पर चिंवरी सोसाइटी में किसानों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चिंवरी में भी किसानों का सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि गौकरण साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान प्राधिकृत अधिकारी रामखिलावन साहू ने की। अतिथियों ने साय सरकार की योजनाओं की जानकारी साझा कर उसका लाभ उठाने की बात कही। मौके पर ग्राम संकरी, चिंवरी, सिर्री के किसान उपस्थित थे। तीनों गांवों के लगभग 13 किसानों को हार, गुलाल के साथ शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

मौके पर समिति प्रबंधक चंद्रहास साहू, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, सौहेंद्र सिंह गुरुदत्ता, विश्राम सिन्हा, टीकाराम सिन्हा, सालिक साहू, जीवन साहू, शोभाराम पटेल, लेखराम सिन्हा, खुमान साहू, रमेश साहू, गज्जू साहू, संतोष वर्मा, हरीश साहू ऑपरेटर, अनुपम विश्वकर्मा, सत्यम ध्रुव, खिलेश साहू, संतोष साहू समेत अन्य किसान मौजूद रहे। शाखा प्रबंधक चंद्रहास साहू ने आभार प्रकट किया।

## पूर्णाहुति, रूद्राक्ष वितरण के साथ शिव महापुराण का समापन




**धमतरी।** ग्राम बारना में पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण का समापन हुआ। पूर्णाहुति के रूद्राक्ष का वितरण किया गया। पोथीयात्रा निकाली गई। पोथीयात्रा ने ग्राम बारना की प्रमुख गलियों का भ्रमण किया। महिलाओं एवं लड़कियों ने सिर पर पोथी धारण की थी। भण्डारा का आयोजन भी हुआ। शिव भोले की बारात में श्रद्धालु खूब थिरके। व्यासपीठ से शिवानन्द महाराज ने कहा कि भगवान शिव ही ऐसे देव हैं जिनके पूरे परिवार की पूजा होती है। भगवान गणेश की पूजा माता पार्वती के साथ होती है इसलिए इसे गौरी गणेश पूजा कहते हैं। मौके पर हेमंत, हिमेश्वरी साहू, जागेन्द्र, चांदनी साहू, दिनेश दुर्गश्वरी प्रजापति, कृष्णी प्रजापति, कलीबाई यादव, सुनीता साहू, चमेली निषाद, ममता निषाद, सोनम प्रजापति, राजकुमार साहू, चिंता राम साहू, दौलत राम साहू, हिरामन प्रजापति, मोती ध्रुव, कलीराम साहू, अमृत यादव, बलराम पटेल, रोहित सेन, ज्ञानचंद साहू, टल्लू पटेल समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

## मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष बने मोहन

■ नगर पंचायत के बूढ़ादेव मंदिर भवन में हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन नगर पंचायत के बूढ़ादेव मंदिर प्रांगण भवन में हुआ। चुनाव प्रभारी गौरकरण साहू जिला भाजपा उपाध्यक्ष, सह प्रभारी नरेश सिन्हा जिला भाजपा उपाध्यक्ष थे।

मंडल प्रभारी गौरकरण साहू ने बताया कि मंडल अध्यक्ष के लिए तीन नामों का पैनल बनाकर भाजपा संगठन पार्टी को भेजा गया था। प्रदेश संगठन पार्टी ने बंद लिफाफा में एक व्यक्ति का नाम उल्लेख किया था। ग्राम नवागांव निवासी मोहन साहू का नाम मंडल अध्यक्ष के लिए नामित किया गया है। मंडल अध्यक्ष श्री साहू का कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति पिछड़ा वर्ग सदस्य शत्रुघ्न साहू, टीकाराम कंवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु, महामंत्री एवन साहू, रामायण सिन्हा, पार्षद नरेश अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य भवानी यादव, जिला युवा मोर्चा महामंत्री चेतन साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष माधव ठाकुर, कोमल यदु, डीहूराम साहू, मिलन नेताम, जीवराखन साहू, हिरंजय साहू, टीकमचंद साहू, मुरली सिन्हा, नेमू निषाद, घनश्याम साहू, श्रवण साहू, जनक साहू, गोविंद साहू, पवन निषाद, मनोहर सिन्हा, राधे सिन्हा, तिलक साहू, अश्वनी साहू, देवराज देवांगन, नारायण साहू, गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि भाजपा पार्टी ने जो दायित्व दिया था, उस पर खरा उतरने का भरकर प्रयास किया। पार्टी के हर आदेश का पालन किया। अध्यक्ष पद के संचालन में जाने -अनजाने में किसी भी कार्यकर्ता को ठेस पहुंची हो तो उसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं।

### पार्टी ने जताया विश्वास



नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष मोहन साहू सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वे बूथ अध्यक्ष, नवागांव शक्ति केन्द्र प्रभारी, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष रह चुके हैं। जिस पर भाजपा पार्टी ने उन पर विश्वास जताया है। नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष मोहन साहू ने कहा कि भाजपा पार्टी ने जो दायित्व दिया है, उस पर खरा उतरूंगा। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलूंगा।

## नारी से चारभाठा मार्ग की हालत हुई बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

■ ओवरलोड वाहनों से मार्ग में बने जानलेवा गड्ढे



ग्राम नारी से चारभाठा मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। नारी के बस स्टैंड से लेकर चारभाठा जाने वाले मुख्य मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि यह चलने लायक भी नहीं रह गई है। आए दिन कई लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यहां तक कि साइकिलचालक भी चल नहीं चल पा रहे हैं। इस मार्ग में नाली नहीं होने के कारण घरों का पानी रास्ते में ही बह रहा है जिससे रास्ते में गंदगी तो फैल ही रही है, पानी का जमावड़ा भी हो रहा है। इसके अलावा लोग बीमारी और दुर्घटना का भी शिकार हो रहे हैं। ज्ञात हो कि महानदी से लगातार अवैध रेत का उत्खनन हो रहा है। इस मार्ग पर सुबह से ही ओवरलोड वाहनों के चलने से रास्ते की हालत बदहाल हो चुकी है। शासन-प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है न ही इस पर कोई ब्रेक लग रहा है। सर्दी के मौसम में भी बारिश के दिनों जैसे हालात नारी मार्ग में देखे जा रहे हैं। पूरा रास्ता कीचड़ से भर गया है। इससे राहगीरों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है।

## उभयलिंगी समुदाय भी समाज का हिस्सा समानता, सहानुभूति की भावना रखें : ओपी

■ मगरलोड कालेज में रासेयो ने तृतीय लिंग पर आयोजित की जागरूकता कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा तृतीय लिंग पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ओपी साहू पंचायत सचिव ग्राम पंचायत सौंगा थे। उन्होंन बताया कि तृतीय लिंग थर्ड जेंडर को वर्तमान में उभयलिंगी समुदाय के रूप में मान्यता प्राप्त है। वास्तव में वे भी समाज का ही हिस्सा है। तृतीय लिंग समुदाय के प्रति समानता, सहानुभूति व प्रेम की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही संस्था प्रमुख डॉ. प्रभा वेरुलकर ने बताया कि जब भी हमारे घर में कोई शुभ कार्य होता है वह सभी हमें आशीष प्रदान करने आते हैं। हमें भी उनका सम्मान करना चाहिए। समाज में उनको स्थान दिलवाएं और उसे अपनाएं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशीला साहू व आभार प्रदर्शन डॉ रमा चंद्राकार कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने किया। इस अवसर पर निरूपा साहू सहायक प्राध्यापक भौतिकी, स्वयंसेवक याचना साहू, लोकेश्वरी, लेखा, हामेश, नरगिस व अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल धमतरी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी**

**सूचना पत्र**

प्रति,
रामनिवास यादव/सुकालुराम यादव
सा. स्टेशनपारा धमतरी
सा. वन मण्डलाधिकारी सिहावा चौक धमतरी
जगदीश पिता अंजोरी सा. धमतरी
आशी बाई सा. धमतरी

विषयः- सीमांकन/स्थल जांच की सूचना बाबत।

सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनिवास यादव पिता सुकालुराम यादव निवासी स्टेशनपारा धमतरी द्वारा ग्राम धमतरी प.ह.नं. 33 तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 285, 295/1 रकबा 0.287, 0.930 हे. भूमि का सीमांकन/स्थल जांच हेतु प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार धमतरी के आदेश दिनांक 13/12/2024 के परिपालन में सीमांकन/त्रुटि सुधार हेतु स्थल निरीक्षण/नाप दिनांक 27/12/2024 दिन शुक्रवार को समय 12:00 बजे से किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण स्थल निरीक्षण/नाप के समय स्थल पर दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक-19/12/2024

राजस्व निरीक्षक
धमतरी

## अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद आज मनाएगा विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा 22 दिसंबर रविवार को सुबह 11 बजे बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में विजय दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री भाजपा होंगे। अध्यक्षता डा. सुमीत गुप्ता समाजसेवी करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रकाश बैस जिला भाजपा अध्यक्ष, निर्मल बरड़िया पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष, दीपक ठाकुर समाजसेवी, रूपेंद्र साहू पूर्व नौसैनिक होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में केपी साहू, मनेशगिरी गोस्वामी, ओमप्रकाश साहू, मुरारीलाल साहू, अशोक वर्मा, सोनू भगत जुटे हुए हैं।

गुरु घासीदास जयंती पर कुरुद कॉलेज में हुई व्याख्यानमाला

## संत किसी समाज या जाति, धर्म के नहीं होते : डॉ. कुर्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर पीजी कॉलेज कुरुद में सतनाम संदेश व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ। अतिथि भोजराज चंद्राकर अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, प्राचार्य डॉ एके मिश्रा, डॉ. एसके कुर्रे वेटेरनरी सर्जन, डॉ. यूएस नवरत्न बीएमओ, आरके रात्रे, मंडी सचिव ने बाबा गुरु घासीदास और उनके सतनाम सन्देश पर प्रकाश डाला।

श्री चंद्राकर ने बाबा गुरु घासीदास के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को दोहराते हुए पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय को एक प्रतिष्ठित केंद्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया। श्री रात्रे ने नशापान और सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की बात कही। डॉ. नवरत्न ने बाबा गुरु घासीदास के जीवन परिचय और सात सिद्धांत वचन से अवगत करा सामाजिक क्रांति और जनजागरूकता की तथ्यात्मक जानकारी दी।

डॉ. कुर्रे ने कहा कि संत किसी समाज, जाति या धर्म के नहीं होते हैं अपितु पूरे विश्व के धरोहर होते हैं। बाबाजी के जीवन से ज्यादा उनके आदर्शों और संदेशों को अपनाना ज्यादा प्रासंगिक है।

कार्यक्रम में शशांक कृदत्त, मनीष सारथी, ममता साहू, अनुराधा साहू प्राध्यापक, अधिकारी कर्मचारी व छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाए जाते है
फ्लैक्स बैनर,बोर्ड,टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार,कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### डिपोपारा में बनेगा सीसी रोड



**धमतरी।** सोरिद वार्ड क्रमांक 35 डिपोपारा में सीसी रोड का भूमिपूजन पार्षद रितेश नेताम एवं बीजेपी कार्यकर्ताओं व मोहल्ले के गणमान्य नागरिकों ने किया। मौके पर वार्डवासी अंकालू राम सिन्हा, पंकज गौतम, पीताम्बर साहू, चंद्रहास सेन, काशीराम साहू, दयाशंकर सोनी, पुष्पा अवस्थी, तारा सेन, उर्वशी साहू, रेखा समेत अन्य उपस्थित थे।


### नवकार महिला मंडल ने ऊनी वस्त्र का वितरण किया



**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने सरकारी अस्पताल में नवजात शिशु के लिए स्वेटर, मोजा कंटोप, बिस्किट का वितरण किया। अध्यक्ष संतोष मिनी, सचिव कुसुम गोलछा ने बताया कि नवकार महिला मंडल हर साल ठंड में अस्पताल में बच्चों को व समय-समय पर जरूरतमंदों को कपड़े का वितरण करता है। इसी उद्देश्य से सरकारी अस्पताल में ऊनी वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंडल कोषाध्यक्ष इंदु जैन, अलका, संजु, सरिता जैन, कंचन लोढ़ा, डॉ. खालसा समेत अस्पताल स्टाफ उपस्थित थे।

### अपनी जिम्मेदारियों को छोड़ रेत के पीछे लगे हुए हैं विधायक : सूरज

**धमतरी।** भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सूरज शर्मा ने रेत खदानों में विधायक के जाने पर किया कटाक्ष करते हुए कहा कि एक तरफ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने नेता और कार्यकर्ताओं को किसानों का ख्याल रखने की



हिदायत देते हैं वहीं धमतरी विधायक का ध्यान रेत से हटता ही नहीं है। जिस खदान में वे पहुंचे थे, वहां हाथापाई भी हुई। बहरहाल क्षेत्र में अनेक समस्याएं हैं जिनपर ज़िम्मेदारी से विधायक को कार्य करना चाहिए और जनता द्वारा मिले जनादेश का सम्मान कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जनता ने उन्हें विधायक बनाया है तो उस ओर अपने कर्तव्यों का बोध करते हुए क्षेत्र के विकास और उनकी सेवा में लगना चाहिए वरना अगली बार मैदान में आएंगे तो यही जनता बाहर का रास्ता भी दिखा देगी।

### शाला की साफ-सफाई पर हुए संतुष्ट



**धमतरी।** जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले एवं लीलाधर चौधरी सहायक संचालक ने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला जोधापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों शालाओं में शिक्षक अध्यापन करते हुए मिले। अधिकारियों ने बच्चों से कई प्रश्न पूछे। बच्चों ने प्रश्नों का सही जवाब दिया। स्कूली स्तर से ही बच्चों में साहित्य के प्रति रूचि विकसित करने मुस्कान पुस्तकालय का उचित उपयोग करने के निर्देश प्रधानपाठकों को दिए। अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा हेतु पीटीएम आयोजित कर बच्चों के शैक्षणिक स्तर से पालकों को अवगत कराने एवं कमजोर बच्चों को कक्षा स्तर पर लाने उपचारात्मक शिक्षण आयोजित करने निर्देशित किया। अधिकारी द्वय ने शाला की साफ-सफाई पर संतोष जाहिर किया। बच्चों को प्रति दिवस पहाड़ा पठन एवं शुद्ध लेखन का अभ्यास कराने के निर्देश दिए।

- डीईओ, सहायक संचालक ने जोधापुर स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

### कुर्रा सोसाइटी में किसानों का हुआ सम्मान



**धमतरी।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुर्रा (बागतराई) में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अतिथि अमन राव अध्यक्ष भाजपा मंडल आमदी, मुरारी यदु प्राधिकृत अधिकारी थे। मौके पर मुरारी यदु ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से किसान खुश हैं। अमन राव ने बताया कि भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर किसानों को श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विनोद गौर, बिसौहाराम, पूना राम, रिखम राव, भीषम साहू, पोखन गुगले, जितेन्द्र साहू, उमेश कुमार, घनश्याम देवांगन, हिरेन्द्र साहू, रितुराज, महादेव साहू, सम्पत यदु, डेहरा राम साहू समेत अन्य किसान उपस्थित थे।

### मिश्रीलाल बने भोथली भाजपा मंडल के अध्यक्ष

**नगरी/धमतरी।** मिश्रीलाल पटेल को भाजपा भोथली मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह है। ज्ञात हो कि



मिश्रीलाल कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी के जिलाध्यक्ष हैं। भोथली भाजपा मंडल अध्यक्ष नियुक्त होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, कोसरिया मरार पटेल समाज सिहावा राज संरक्षक अमरसिंह पटेल, लतखोर पटेल, नारायण पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष कन्हैयालाल कौशल, उपाध्यक्ष मोतीलाल पटेल, डामे पटेल, सचिव डिलेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दिलीप पटेल, संगठन मंत्री नरेश कौशल, बेदन पटेल, मीडिया प्रभारी राजू पटेल, सांकरा ग्रामीण क्षेत्र पटेल समाज अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, सांकरा क्षेत्र युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल, तोषक पटेल, नरेश पटेल, नरेंद्र पटेल, प्रभाकर पटेल, कमल पटेल, रूपेश पटेल, रुपधर पटेल, मनोज पटेल ने हर्ष व्यक्त किया है।

### निधन : विट्ठलदास चांडक



**धमतरी।** स्थानीय निवासी विट्ठलदास चांडक 83 वर्ष का निधन हो गया। वे ललित, नरेश, दीपक के पिताजी एवं हरीश, रोहित चांडक के चाचाजी थे। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

डाईट नगरी में गणित दिवस मनाया गया

# साहू दंपति ने 200 स्कूलों में गणित वर्णमाला का किया वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी के प्राचार्य प्रकाश राय, प्रशिक्षण प्रभारी जोहन नेताम एवं मास्टर ट्रेनर नवीन खरे, नंदकिशोर कहर, होमल लाल साहू, चंद्रिकाप्रसाद साहू, धनंजय सोनकर, अशोक सेन, परविंदर कौर गिली और पीतेश साहू के मार्गदर्शन में गणित दिवस का आयोजन किया गया। साहू दंपती रंजीता एवं तुमनचंद साहू ने गणित दिवस के मौके पर 200 स्कूलों में गणित वर्णमाला का वितरण किया। बच्चों को गणित का ए-बी-सी पढ़ाया। संकुल सिंगपुर एवं खड़मा, संकुल मेघा, संकुल अरौद, परसवानी स्कूल, गैलेक्सी स्कूल मगरलोड, शासकीय उच्चतर स्कूल मगरलोड, सशिमं मगरलोड, स्वामी आत्मानन्द स्कूल भैंसमुंडी स्कूल में गणित वर्णमाला चार्ट वितरित किया गया। महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन को याद किया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस हर साल 22 दिसंबर को मनाया जाता है। गणित में विशेष योगदान के लिए उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस मौके पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में व्याख्याता प्रशिक्षण के दौरान जिलेभर के फिजिक्स एवं केमेस्ट्री के 150 व्याख्याता के साथ मास्टर ट्रेनर एवं प्रशिक्षण अधिकारी उपस्थित थे। इस बीच तुमनचंद साहू ने गणित के महत्व को बच्चों को आसान तरीके से बताया। मास्टर ट्रेनर नवीन खरे ने इसे उत्कृष्ट एवं नवाचारी बताया है।

## हारने वाले जीतने व जीतने वाले अपनी जीत बरकरार रखने के लिए खेलते रहे : अजय



- विधायक ने डबल विकेट क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

टॉरनेडो क्रिकेट क्लब कुरुद के तत्वावधान में स्व. विनोद गोस्वामी की स्मृति में लेदर बाल से डबल विकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर ने फीता काट, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर स्वयं पहले बल्लेबाजी कर किया। इस दौरान गोपालराव पूर्व रणजी खिलाड़ी, तपन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद, रविकांत चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद एवं आयोजन समिति के लोग मौजूद थे।

शनिवार की शाम स्थानीय खेला मेला मैदान में विधायक श्री चंद्राकर ने प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन जरूरी है ठीक उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल भी जरूरी है। खेल के माध्यम से आपस में भाईचारा बढ़ता है। खेल भी शिक्षा का एक अंग है। हारने वाले को जीतने के लिए तथा जीतने वाले को जीत बरकरार रखने के लिए खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रिकेट देश में काफी लोकप्रिय खेल है और लगभग हर घर में इसके प्रेमी मिल जायेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। अच्छा खिलाड़ी छोटे गांव से भी निकलकर देश का नाम रोशन कर सकता है।



## सुबह 8 बजे तक छाया रहा कोहरा, हवाओं ने बढ़ाई ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

सर्दी बढ़ने के साथ मौसम की पहली धुंध व कोहरे ने शनिवार को क्षेत्र को आगोश में ले लिया। सुबह 7 बजे तक तो शून्य दृश्यता बनी हुई थी एवं आसमान से हल्की ओस की बूंदें टपकती महसूस हो रही थी।

इसके बाद कोहरे का असर धीरे-धीरे कम होने लग गया एवं सुबह 9 बजे तक कोहरा छंट पाया। सूरज निकलने के बाद सर्दी से थोड़ी राहत महसूस हुई। इस दौरान दिनभर लोग गर्म कपड़ों से लदे नजर आए।

## मेनोनाईट स्कूल की स्वर्ण जयंती पर हुई दौड़



प्रदीप, कैवल्य एवं चित्रांश ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष पर मैराथन का आयोजन किया। मैराथन में प्रबंधन समिति के चेयरमैन एमके मसीह, सी. क्रिस्टी, डा. पीके मार्टिन, श्रीमती एलिस मार्टिन, मनेश सिंग, शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा, शाला परिवार अन्य शिक्षण संस्थान के पीटीआई शिक्षकों सहित लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सुबह 7 बजे शाला प्रांगण से मैराथन प्रारंभ हुई। दौड़ मकई चौक से होते हुई सिहावा चौक पहुंची। पुनः मकई चौक से होते हुए शाला प्रांगण पहुंची। मैराथन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रदीप रामटेके, कैवल्य नेताम एवं चित्रांश तिवारी रहे। शाला प्रबंधन समिति ने इन छात्रों को मेडल प्रदान किया।

## ऐजे इंग्लिश स्कूल में हुआ वार्षिक खेलकूद



**कुरुद।** नगर के ऐजे इंग्लिश स्कूल कुरुद में दो दिवसीय वार्षिक खेल का आयोजन किया गया। नर्सरी से लेकर 10वीं तक के बच्चों ने विभिन्न खेलों मे भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के लिए चम्मच दौड़, 100 मीटर रेस, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, रस्सीखींच, कैरम, शतरंज, बैटमिंटन, वॉलीवाल का आयोजन हुआ। खेलों मे स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को वार्षिक उत्सव के दिन उचित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। सभी बच्चों ने अनुशासन से खिलाड़ी भावना का परिचय दिया। मौके पर संचालक अय्यूब खान, अंजुम खान, प्राचार्य एसएन पंडा, विजय साहू, मिलेश्वर साहू, टोमन साहू, प्रमिला पंडा, चुरामिन साहू, एरावती चंद्राकर, नीतू साहू, नम्रता पटेल, दामिनी ध्रुव, केशकुमारी साहू, फनेश्वरी साहू, काजल साहूख डोवेश साहू समेत स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## शहर का विकास मेरी प्रथम प्राथमिकता : रामू





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पूज्य पंचायत सिंधी धर्मशाला आमापारा में धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स का पहला व्यापारी सम्मेलन हुआ। व्यापारी विजय नानवानी ने बताया कि जबसे धमतरी चेंबर ऑफ कॉमर्स का गठन हुआ है तब से हमें अब व्यापार करने में एक नया जोश और उत्साह आया है। व्यापारी भगत देवांगन ने बताया कि धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स व्यापारियों की एकता और व्यापार को नई दिशा देने में सराहनीय कार्य कर रहा है। राजमल राखेचा ने बताया कि धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स विभिन्न संगठनों को आपस में जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया है। पहले इतनी बड़ी संख्या में हम कभी एकत्रित नहीं थे। धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सभी को जोड़ने का काम किया है। नरेंद्र साहू ने चैंबर के कार्य की सराहना करते हुए शहर के प्रत्येक व्यापारी को जल्द से जल्द चैंबर से जुड़ने का निवेदन किया। मंच संचालन आकाश गोलछा ने किया। अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा ने सभी व्यापारियों को एकजुट होकर शहर के व्यापार को नई दिशा देने चैंबर से जुड़ने कहा। सचिव राजा रोहरा ने चैंबर के निर्माण पर अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि 38 व्यापारी संगठनों को हमने एकजुट करने का सफलता पूर्वक कार्य किया है। आज धमतरी चैंबर अगर इस मजबूती के साथ आपके सामने खड़ा है तो इन्हीं संगठनों के आशीर्वाद और सहयोग से खड़ा है। संरक्षक नरेंद्र रोहरा ने धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स को शहर के व्यापारियों के लिए संजीवनी बताते हुए शहर के व्यापारियों को पूरी एकता के साथ आगे आने की बात कही। निर्मल बरडिया ने धमतरी चेंबर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा टीम वर्क मैने आज तक नहीं देखा। धमतरी चेंबर की पूरी टीम के कैलाश, राजा, आलोक, भूपेश, आशीष थिटे, प्रमोद पाण्डेय, महेश चावला, कन्नू कामरानी, भगत देवांगन, रविन्द्र ने अद्भुत कार्य किया है। विनोद खंडेलवाल ने भी अपने अनुभव साझा किए। टिंबर एसोसिएशन के मनसुख अग्रवाल ने कहा कि एक अकेले की ताकत से संगठन की ताकत बहुत ज्यादा होती है। सभी संगठित रहे। विशिष्ट अतिथि आनंद पावर ने कहा कि मैं व्यापार और व्यापारी के बारे में ज्यादा तो नहीं जानता पर धमतरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के साहसिक कार्यों को हमेशा से देखा हूं। आज व्यापार ही देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा ने अपने उद्बोधन में व्यापारी के साथ खड़े रहने की बात की। कहा कि यह मेरी जन्म भूमि और कर्म भूमि है। यहां की जनता ने आज मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया है। शहर का विकास मेरी प्राथमिकता है। आभार उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह छाबड़ा और आशीष थिटे ने किया। इस आयोजन में लगभग 400 से ज्यादा व्यापारी शामिल हुए।

## वन विभाग ने साल वृक्ष के 10 नग लट्ठे जब्त किए





**नगरी।** ग्राम पंचायत मुकुंदपुर के खमनापारा में शत्रुघन यादव पिता विक्रम यादव की बाड़ी में एक साल पेड़ था। उसके द्वारा काटकर लट्ठा तैयार किया गया था। वह आसपास की अतिरिक्त जमीन को कब्जा करने का प्रयास कर रहा था। वन कर्मचारियों ने जब्ती की कार्रवाई की। वन परिक्षेत्र अधिकारी बिरगुड़ी दीपक गावड़े घटनास्थल पहुंचकर आबादी जमीन को कब्जा किये व्यक्ति को समझाइश दी और उसके घर की बाड़ी में 10 नग साल का लट्ठा पकड़कर उचित कार्रवाई की। ग्रामीणों ने बताया कि यह जमीन उसे निवास के लिए दी गई है। अतिरिक्त जमीन पर अन्य भवन बनाने की बात कही। वहीं शत्रुहन पिता विक्रमसिंह यादव जाति राउत ग्राम मुकुंदपुर उम्र 39 वर्ष अपने परिवार के सदस्यों के साथ 21 दिसंबर को ग्राम कराघाटी के सरपंच, पंच, ग्राम पटेल व प्रस अध्यक्ष वन विभाग के कर्मचारियों के समक्ष इकरारनामा दिया कि ग्राम करघाटी के गणमान्य नागरिकों ने मुझे एवं मेरे परिवार को रहने के लिए शासकीय वनभूमि में घर बनाने के लिए जगह दी है। हमारा घर जितनी जगह में बना है उतनी ही जगह के अलावा अतिरिक्त जगह पर हमारे परिवार के द्वारा भविष्य में और कोई निर्माण कार्य था कब्जा नहीं किया जायेगा। अगर भविष्य में कब्जा किया जाता है तो वैधानिक कार्रवाई मेरे विरुद्ध कर सकते हैं।



घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

## शोभायात्रा में खूब थिरके सामाजिकजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- गीता जयंती महोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी द्वारा गीता जयंती मनाई गई। शोभायात्रा में पारम्परिक संगीत में सामाजिकजन खूब थिरके। पुरानी मंडी से यादव समाज की भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई। समाज की महिलाएं भी लम्बी कतार में कलशयात्रा में शामिल हुईं। शोभायात्रा सिहावा चौक, मकई चौक, गोलबाजार, सदर बाजार, गांधी चौक, पोस्ट आफिस वार्ड से होते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल आमातालाब के पास यादव समाज भवन पहुंची। मुख्य अतिथि डॉ. अजय यादव प्रदेशाध्यक्ष छग कोसरिया यादव समाज रायपुर ने शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मौके पर अमरसिंह यादव अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज दुर्ग, रूद्री सरपंच अनीता यादव, घनश्याम यादव अध्यक्ष सर्वयादव समाज धमतरी, नंद यादव नगरी, लीलाराम यादव कुरूद, दीनदयाल यादव सिहावा, रामेश्वर यादव अध्यक्ष नगर इकाई कोसरिया यादव समाज धमतरी थे। मंच संचालन शिक्षक नेतूराम यादव ने किया।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बिरेझर में जयंती मड़ई 30 को

जीजामगांव। सतनामी समाज द्वारा 30 दिसंबर सोमवार को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए सुर संगम आकाश अनंत छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला मंच जिला जांजगीर चांपा पामगढ़ की प्रस्तुति होगी।

### कल्ले में गुरु घासीदास जयंती 24 को

जीजामगांव। ग्राम कल्ले में इस वर्ष भी 24 दिसंबर मंगलवार को बाबा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया है। 12 बजे कलशयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण मोरखे सरपंच होंगे। रात्रि में मनोरंजन के लिए शिव भोला नाचा पार्टी करमतरा जालबांधा जिला खैरागढ़ की मनमोहक प्रस्तुति होगी। आयोजन की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### साय सरकार के एक साल का कार्यकाल स्वर्णिम रहा

धमतरी। भाजपा व्यवसाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष तेजवानी



ने विष्णुदेव साय सरकार को मोदी की गारंटी को पूर्ण करने वाली विश्वास और विकास की सरकार बताया। आगे कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार ने विकास और विश्वास पर काम करते हुए छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं से वादे के मुताबिक 31 सौ रुपए क्विंटल पर धान की खरीदी की। 50 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में डाला। किसानों से 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदी की जा रही है। प्रदेश की 70 लाख मातृ शक्तियों को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है।

### आज कुरुद में शांताराम मोहिनीराज भानोसे का प्रेरक प्रबोधन

कुरुद। श्री राम मंदिर आयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



को संकल्पित कराने वाले वेदशास्त्र संपन्न स्मार्त चूरामणि शांताराम मोहिनीराज भानोसे गुरुजी का ज्ञानमयी प्रबोधन आज सुबह 11 बजे से श्री अमृतेश्वर महादेव परिसर विनायक स्टेट कुरुद में आयोजित है। आयोजनकर्ता भारद्वाज मंदिर ट्रस्ट कुरूद ने सभी धर्मानुरागियों से इस प्रबोधन का लाभ लेने अपील की है।

### ईर्रा में 31 को होगी मड़ई

कोर्रा(भखारा)। ग्राम पंचायत ईर्रा में ग्रामवासियों के सहयोग से 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी पचपेड़ी मोखा का कार्यक्रम होगा। तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नंदकुमार साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, सचिव महेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, सरपंच कमलेश नेताम, उपसरपंच कल्याणसिंह साहू, डॉ. अजय साहू, राधेलाल, महेश साहू, सुरेंद्र साहू, महेश जुटे हुए हैं।

## कन्या कॉलेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

# छत्तीसगढ़ी, दक्षिण भारतीय नृत्य ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 5 घंटे चले इस कार्यक्रम में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी, दक्षिण भारतीय, असमिया, पंजाबी, हरयाणवी, रिमिक्स, सम्बलपुरी, नागपुरी नृत्य की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी, हिन्दी गानों ने वाहवाही बंटोरी। एकल युगल नृत्य में शानदार प्रदर्शन किया। छात्राओं की अभिनय क्षमता की सबने तारीफ की। बेबाकी अभिनय ने उन्हें पेशेवर कलाकार का मान दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि वार्षिकोत्सव में छात्राओं के अंदर उत्साह दिख रहा है। परीक्षा के दबाव से मुक्त होने का यह एक सशक्त माध्यम है। अपनी कमियों को ढूंढकर पूरा करने का प्रयास करें। विशेष अतिथि नेहरू निषाद पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने कहा कि नई पीढ़ी की ऊर्जा के कारण भारत युवा है। ऊर्जावान युवाओं को देश की तरक्की में सहभागिता उठानी चाहिए। जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष दमयंती साहू ने कहा कि हमारी बेटियां किसी से कम नहीं हैं। पढ़ाई के साथ-साथ पूरे प्रदेश, देश का नाम रोशन कर रही हैं।

इससे पूर्व प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर 29 वर्ष की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. रोहणी मरकाम व सतीश साहू ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. डीआर चौधरी ने किया। मंच पर प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया, पूर्व प्राचार्य डॉ. अनंत दीक्षित, अनीता यादव, जय हिन्दूजा, उमेश साहू, विजय साहू, गीता साहू, चन्द्रकला पटेल, संगीता जगताप, विनोद राव रणसिंह, ईश्वर सोनकर थे। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार जितेन्द्र डहरे, डॉ. जेएस पाटेल, ओपी चंदे, चन्द्रशेखर बांधे, राजेश जांगड़े, दामिनी ठाकुर, मधु माधव देव, आकाश साहू, डुकेश मारकण्डेय, दानेश्वर साहू, जयश्री रणसिंह, पूर्णिमा साहू, सुषमा साहू, गीतांजलि टंडन, तीजन साहू, नरेन्द्र साहू, सतीश साहू सहित स्टाफ और छात्राएं उपस्थित थीं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार तीन घायल

रूद्री रोड की घटना






हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रूद्री रोड में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम अरोद निवासी गितेंद्र सिन्हा पिता तेजराम उम्र 22 वर्ष व गांव के विकास पिता मस्तराम उम्र 20 वर्ष सहित एक अन्य साथी के साथ शनिवार की शाम रूद्री रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने जा रहे मैजिक के चालक ने अपने वाहन को अचानक मोड़ दिया। वाहन के अचानक टर्न लेने के कारण पीछे आ रही बाइक मैजिक से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए। प्रदीप साहू की सूचना पर रक्तदान एम्बुलेंस के शिवा प्रधान व सहयोगी पप्पू साहू एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पहुंचे। हादसे में घायल हुए तीनों युवकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार जारी है।

# आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन में धमतरी पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में 70 एवं 70 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कराया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला जहां ग्राम पंचायतों, ग्राम और शहरों में शिविर लगा रहा है, वहीं शिविर स्थल में नहीं पहुंच पाने वाले वृद्धजनों का घर-घर पहुंचकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। नतीजन धमतरी जिला आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन में पूरे प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले में अब तक 5,700 से अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जा चुका है।

बता दें कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए आधारकार्ड में मोबाइल नम्बर अनिवार्यतः लिंक होना चाहिए। इससे 5 लाख रूपये तक मुफ्त उपचार लाभ की सुविधा प्राप्त की जा सकती है। योजनांतर्गत जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन कार्य, ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तर पर लगातार बनाया जा रहा है। धमतरी जिले के सभी वरिष्ठ नागरिकों (70 व 70 प्लस आयु वाले) को अपने नजदीकी, किसी भी उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिविल अस्पताल कुरुद, नगरी, बोराई, सामु. स्वा. केन्द्र गुजरा, मगरलोड, भखारा, जिला अस्पताल धमतरी, योजना में पंजकृत किसी भी निजि अस्पताल के चिन्हाकित च्वाइस सेंटर, आधार सेवा केन्द्र में आधार कार्ड एंव आधार लिंक मोबाइल नबर सहित हितग्राही स्वयं उपस्थित होकर आयुष्मान वय वन्दना कार्ड पंजीयन करा रहे हैं।

पंजीयन टीम को अनेक पात्र वरिष्ठ नागरिकों का आधार कार्ड अपडेट नहीं होने के कारण कार्ड पंजीयन करने में दिक्कत आ रही है। इसके मद्देनजर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.कौशिक ने ऐसे पात्र हितग्राही (वरिष्ठ नागरिक 70-70 प्लस) को नजदीकी आधार सेवा केन्द्र में जाकर अपने आधार कार्ड में घर या स्वयं का ही कोई एक एक्टिव मोबाइल नम्बर को लिंक कराने कहा गया है, जो 2-4 अथवा 24 घंटे के भीतर अपडेट हो जाता है। इस प्रकार आयुष्मान वय वंन्दना योजना के अलावा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त किया सकेगा।

# विंध्यवासिनी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रयागराज के लिए भेजे गए थैले एवं थाली

- महाकुंभ को हरित कुंभ बनाने पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने चलाया एक थैला-एक थाली अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



12 साल में एक बार होने वाले महाकुंभ मेला का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में किया जाएगा। इस महाकुंभ में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे तो उनके खाने-पीने की व्यवस्था कर दी जाएगी लेकिन इससे बड़े पैमाने में गंगा के तट पर हजारों टन कचरा जमा हो जाएगा। इसे ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धमतरी द्वारा एक थैला-एक थाली अभियान चलाया गया। इसके जरिए विदेश में रहने वाले धमतरी वाले भी इस कार्यक्रम से जुड़े और थैला थाली भेंट किये। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त हुआ।धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, व्यावसायिक संगठन, कृषि विभाग परिवार, हाटकेश्वर विद्यालय परिवार, रामदेव मंदिर पूजन समिति एवं PBS आयल इंडस्ट्री द्वारा भी सहयोग किया गया। इसमें शहीद परिवार, सेवानिवृत्ति पूर्व सैनिक, सेवानिवृत कर्मचारियों द्वारा एवं थैली सिलाई का सहयोग स्व-सहायता समूह द्वारा किया गया। पंडित हरिशरण वैष्णव के आह्वान पर 125 थैला थाली का सहयोग श्रद्धालुगणों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में धमतरी नगर से 1375 थैला एवं थाली 470 व्यक्तियों द्वारा एवं चार संस्थाओं द्वारा प्राप्त हुई।

धमतरी खंड से 260 थैला एवं थाली 108 व्यक्तियों द्वारा प्राप्त हुई। कुरूद खंड से 816 थैला एवं थाली 259 व्यक्तियों द्वारा प्राप्त हुई। मगरलोड खंड से 270 थैला एवं थाली 260 व्यक्तियों द्वारा प्राप्त हुई। नगरी खंड से 273 थैला एवं थाली 140 व्यक्तियों द्वारा प्राप्त हुई। इस प्रकार कुल 3001 थैला एवं थाली 101 गांव से 1237 व्यक्तियों द्वारा एवं चार संस्थाओं द्वारा संग्रहित कर प्रयागराज के लिए मां विंध्यवासिनी मंदिर के प्रांगण में पूजा-अर्चना कर अक्षत पुष्प छिड़ककर भेजा गया। कार्यक्रम में मोहन साहू, रामलखन गजेंद्र, ठाकुर राम यादव, राजकुमार महंत, घनश्याम साहू, धनेश्वर निर्मलकर, शशांक कृदत्त, दीपक ठाकुर, महेंद्र पंडित, महेश शर्मा, वेदप्रकाश भेंसले, शिवाजी साहू, लक्खू भाई भानुशाली, विजय ठाकुर, गौरव मगर, योगेंद्र यादव, जनेंद्र शर्मा, चंद्रभान निर्मलकर, अतुल साहू, जितेंद्र देवांगन, शैलेश चंद्राकर, तोरण गंजीर, संजय जेठवानी, सरोज देवांगन, लीना सिन्हा, सुषमा साहू, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि धमतरी के जिला संयोजक भेदू प्रसाद साहू उपस्थित थे।

# बाबा ने मनखे मनखे एक समान का प्रेरक संदेश दिया : नीशु



- तेलीनसत्ती में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम तेलीनसत्ती में सतनाम परिवार एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में बाबा गुरु घासीदास जयंती पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रम का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर थे। अध्यक्षता नंदनी पप्पू सिन्हा सरपंच ने की। विशिष्ट अतिथि एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन, राजेन्द्र देवांगन, राहुल बख्तानी, ललित यादव, हेमन्त यादव, जय श्रीवास्तव थे। समापन अवसर पर नीशु चन्द्राकर ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मानव को मनखे-मनखे एक समान का प्रेरक संदेश दिया। बाबा ने मानवीय गुणों के विकास का रास्ता दिखाया और नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का।

राजा देवांगन ने कहा कि गुरु घासीदास ने दुनिया को सत्य, अहिंसा और सामाजिक सद्भावना का मार्ग दिखाया। उनका जीवन दर्शन और विचार मूल्य आज भी प्रासंगिक है। देश में छुआछूत और भेदभाव चरम पर था।

उन्होंने समाज में छुआछूत के भेदभाव को मिटाने के लिए मनखे - मनखे एक समान का संदेश दिया। इस दौरान मोहन जांगड़े, मुक्तानंद गायकवाड़, शिवरत्ती घृतलहरे, पतिराम जांगड़े, टोकेश सिन्हा, धनसिंह जोशी, हेमन्त यादव, नवयुवक अध्यक्ष वासु गायकवाड़, उपाध्यक्ष दीपेन्द्र जांगड़े, सचिव गजेन्द्र जांगड़े, कृष्णा लहरे, नागेश जांगड़े, रविन्द्र जांगड़े, चितेश जोशी समेत बड़ी संख्या में समाजजन, ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## गोकुलपुर में प्रज्ञापुराण सुनने उमड़े श्रद्धालु

# सील, जांता-पोरा और ढेंकी स्वस्थ रहने के साधन थे : परमानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





गोकुलपुर में आयोजित नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन शनिवार को दोपहर 3 बजे प्रज्ञापुराण सुनने सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। प्रज्ञापुराण के प्रवचनकर्ता युग पुरोहित परमानंद ने कहा कि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने प्रज्ञापुरायण को चार भागों में लिखा है। शुक्रवार को हमने परिवार खण्ड पर चर्चा की। परिवार खण्ड में पति पत्नी का व्यवहार कैसा हो, संबंध कैसा हो, इस पर चर्चा हुई। आगे कहा कि जैसे घर में शिव महापुरायण पढ़ते हैं वैसे ही प्रज्ञा पुराण को घर पर रखकर पढ़ सकते हैं। उन्होंने कथा में सति अनुसुईया और त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु, महेश का वृत्तांत सुनाया। कैसे तीनों देव अपनी देवियों के कहने पर सति अनुसुईया की परीक्षा लेने उनके पास आते हैं और माता अनुसुईया उन्हें बाल रूप में परिवर्तित कर अपने पास रख लेती हैं। इसकी खबर जब तीनों देवियों को लगती है तो माता से क्षमा याचना कर त्रिदेव को वापस अपने स्वरूप में मांगती हैं। उन्होंने भगवान राम के वनवास की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान राम को अकेला वनवास मिला था। इसके बाद भी उनकी पत्नी सीता ने अपने पति के हर दुख और सुख में साथ देने की बात कहते हुए वन जाने के लिए भगवान राम से आग्रह किया। उन्होंने एक उदाहरण देकर बताया कि कभी पति पत्नी से टक्कर मत लेना। जिसका जो काम हो वही करे तभी सब ठीक होगा। पति का काम बाहर का है और पत्नी का काम घर सम्हालने का है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी संस्कृति के कृषि औजार सील, जांता पोरा और ढेंकी सहित कुएं से रस्सी के सहारे पानी निकालने में होने वाले व्यायाम आसन की उपयोगिता बताई। हमने क्या किया अपने प्राकृतिक चिकित्सा के औजारों को बाहर फेंक दिया। पहले महिलाएं योग से जुड़े काम करके हमेशा स्वस्थ रहती थीं। साइटिका, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, प्रसव की परेशानियों से मुक्त रहती थीं। इस अवसर पर संगीत पक्ष में युग गायक तेजराम , नूरसिंग बैंजो, मोहन यादव पैड, दिनेश नाग ने तबला पर संगत किया।

# 51 गर्भवती महिलाओं का हुआ पुंसवन संस्कार



- हजारों परिजनों ने नशा मुक्त समाज स्थापना का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे आओ गढ़ें संस्कार वान पीढ़ी अभियान के अंतर्गत गोकुलपुर में नौ कुण्डीय महायज्ञ आयोजित किया गया। गायत्री महायज्ञ अंतर्गत 51 गर्भवती महिलाओं का मंत्रोच्चारण के साथ गर्भ पूजन, पुंसवन संस्कार संपन्न कराया गया।

कथा वाचक परमानंद महराज ने बताया कि माता का गर्भ एक मंदिर है। आने वाली संतान ईश्वर की प्रतिनिधि है। गायत्री यज्ञ द्वारा गर्भ पूजन से उत्पन्न संतान संस्कारवान , ज्ञानवान, चरित्रवान और गुणवान होता है। यज्ञ से मनोकामनाओं की पूर्ति के साथ जीवन की सभी कठिनाइयों का समाधान होता है।

मौके पर कई महिलाओं का पुंसवन संस्कार किया गया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम में आयोजन समिति के माखन लाल साहू, राजकुमार साहू, डॉ अनिल गजपाल, शेखन साहू, दिग्विजय साहू, भुनेश्वर देवांगन, सुभाषिनी साहू, गीता साहू, यशोदा साहू, पदमनी साहू, हेमलता सिन्हा, प्रमिला साहू, डॉ राधिका, अनुसुईया सिन्हा, बसंता निर्मलकर का सहयोग रहा। इस दौरान वरिष्ठ परिजन एसआर प्रजापति समेत गोकुलपुर, रुद्री, धमतरी नगर के गायत्री परिजन उपस्थित थे।

# संसद के अंदर नेता प्रतिपक्ष ने की गुंडागर्दी : कविंद्र

धमतरी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विगत दो दिनों से देश के गृहमंत्री के राज्यसभा में दिए गए भाषण के कुछ सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित कर उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रही है।



संसद में संविधान के 75 साल की गौरवशाली यात्रा के विषय पर चर्चा के दौरान कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से एक्सपोज हो चुकी है। अब यह स्पष्ट रूप से देश के सामने है कि कांग्रेस पार्टी और विशेषकर एक परिवार जिसने इस देश पर आधी सदी से भी अधिक समय तक राज किया है, उस परिवार की हर पीढ़ी ने संविधान का मखौल उड़ाया है। देश में आपातकाल उनके द्वारा लगाया गया। अभिव्यक्ति की आजादी, प्रेस की स्वतंत्रता से लेकर नागरिकों के मौलिक अधिकारों तक को छीनने का कार्य कांग्रेस पार्टी ने किया है। संसद के अंदर अराजकता फैलाने का प्रयास लगातार कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जा रहा है। पहले तथ्यहीन आधार पर राज्यसभा के सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। उसके बाद अम्बेडकर के अपमान का झूठा आरोप लगाकर संसद में हंगामा किया गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मर्यादाओं की सारी सीमा लांघते हुए गुरुवार को संसद भवन के परिसर के अंदर भाजपा के सांसदों के साथ धक्का मुक्की और मारपीट की। भाजपा नेता श्री जैन ने स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भ्रामक वीडियो क्लिप के आधार पर किए जा रहे प्रदर्शन को घृणित मानसिकता से किया गया कार्य करार दिया है।

### चंदनबिरही में मड़ई मेला 9 को

पुरूर(धमतरी)। ग्राम चंदनबिरही में 9 जनवरी गुरूवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि को साल्हेटोला कांकेर का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। 11 एवं 12 जनवरी को रामचरित मानसगान सम्मेलन होगा। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष राजेश उईके, सचिव राजू साहू नेबताया कि सम्मेलन में छग की ख्याति प्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी।







